कर्मचारी चयन आयोग

क के द क्षेत्र

महत्वपूर्ण सूचना

संयुक्त स्नातक परीक्षा (CGL)-2018 के वह उम्मीदवार जो कौशल परीक्षण में उपस्थित होने और DEST से छूट प्राप्त करना चाहतें है के सूचनार्थ ।

संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा **(CGL)-2018** के टियर–3 में सफल आर्थोपेडिक रूप से विकलांग **(OH)** उम्मीदवार, जो **CBDT** में कर सहायक पद के लिए कौशल परीक्षण **(DEST)** में उपस्थित होने से छूट प्राप्त करना चाहते हैं तो अनुबंध–**I** के अनुसार वचन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियाँ आयोग की इस **EMAIL ID:** adexam.kkr.ssc@gov.in पर दिनांक 16.12.2020 तक प्रेषित कर दें:–

1. सक्षम मेडिकल अथॉरिटी, अर्थात् सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के सिविल सर्जन से निर्धारित प्रारूप (अनुबंध–**II** के अनुसार) में कौशल परीक्षण **(DEST)** मे छूट के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट।
2. परीक्षा विज्ञप्ति के अनुबंध–**VIII** (प्रारूप–2 या प्रारूप–4 जैसा लागू हो) के अनुसार निर्धारित प्रारूप में अधिसूचित मेडिकल अथॉरिटी द्वारा विकलांगता का प्रमाण –पत्र।

आर्थोपेडिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों को **CBEC** में कर सहायक पद के लिए कौशल परीक्षण **(DEST)** के लिए छूट प्राप्त नहीं है। अन्य शरीरिक विकलांगता वाले उम्मीदवारों को भी कौशल परीक्षण **(DEST)** के लिए छूट प्राप्त नहीं है। किसी भी प्रकार के शरीरिक विकलांगता वाले उम्मीदवार को **CPT** में किसी भी प्रकार की छूट प्राप्त नहीं है।

वैकल्पिक रूप से, उम्मीदवार कौशल परीक्षण **(DEST)** से छूट प्राप्त करने के लिए उपरोक्त दस्तावेजों (मूल और फोटोकॉपी) के साथ अपनी कौशल परीक्षण **(DEST)** की तिथि के दिन कौशल परीक्षण **(DEST)** के स्थल पर भी केवल **CBDT** में कर सहायक पद के लिए कौशल परीक्षण **(DEST)** में उपस्थित होने से छूट प्राप्त करने हेतु रिपोर्ट कर सकते है।

उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय इन सभी दस्तावेजों को आयोग के समक्ष मूलरूप से प्रस्तुत करना आवश्यक है। यदि कोई उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन के दौरान उपरोक्त दस्तावेजों की मूल प्रति प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो आयोग इस परीक्षा के लिए ऐसे उम्मीदवार की उम्मीदवारी को रद्द कर देगा और ऐसे उम्मीदवारों का आयोग के फैसले के सम्बन्ध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

उप निदेशक (परीक्षा)
दिनांक:10/12/2020

अनुबंध–I

वचन-पत्र

मैं ....रोल नंबर .... संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा **(CGL)-2018** का एक उम्मीदवार हूँ और परीक्षा विज्ञप्ति के पैरा 9.6.1 के अनुसार **CBDT** में कर सहायक पद के लिए कौशल परीक्षण **(DEST)** में उपस्थित होने एवं कौशल परीक्षण **(DEST)** से छूट का लाभ लेना चाहता हूँ, क्योकि मैं शारीरिक विकलांगता के कारण टंकण परीक्षा देने में स्थायी रूप से अक्षम हूँ। मै निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रति संलग्न कर रहा हूँ:–

1. सक्षम मेडिकल अथॉरिटी, अर्थात् सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के सिविल सर्जन से निर्धारित प्रारूप (अनुबंध–**II** के अनुसार) में कौशल परीक्षण **(DEST)** मे छूट के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट।
2. परीक्षा विज्ञप्ति के अनुबंध–**VIII** (प्रारूप–2 या प्रारूप–4 जैसा लागू हो) के अनुसार निर्धारित प्रारूप में अधिसूचित मेडिकल अथॉरिटी द्वारा विकलांगता का प्रमाण –पत्र।

मैं यह भी वचन देता हूँ कि मैं आयोग के समक्ष दस्तावेज सत्यापन के दौरान इन सभी दस्तावेजों को मूलरूप में प्रस्तुत करूंगा। यदि मैं इनको प्रस्तुत करने में विफल रहता हूँ, तो आयोग इस परीक्षा के लिए मेरी उम्मीदवारी रद्द कर सकता है और आयोग के फैसले के खिलाफ मेरा कोई दावा नहीं होगा।

हस्ताक्षर ....

अभ्यर्थी का नाम..........................

अनुक्रमांक ....

दिनांक....................................